सत्यमेव जयते

विद्ययाऽमृतमश्नुते

एन सी ई आर टी
NCERT

# अखिल भारतीय बाल शैक्षिक ई-कंटेंट प्रतियोगिता

## (AICEeCC)

## 2024-25

**आयोजक**

**केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान (सीआईईटी)**

राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी)

श्री अरविंद मार्ग, नई दिल्ली-110016

"...सभी स्तरों पर प्रौद्योगिकी और शिक्षा के बीच द्विदिश संबंध है..."

-राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020

राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 से ली गई उपर्युक्त पंक्ति प्रौद्योगिकी और शिक्षा के द्वि-दिशात्मक संबंध को रेखांकित करती है। इनकी परस्पर निर्भरता ई-कंटेंट निर्माण की प्रक्रिया में समाहित है जिसे साकार रूप देने में केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान, एनसीईआरटी अपनी अनूठी पहल- अखिल भारतीय बाल शैक्षिक ई-कंटेंट प्रतियोगिता के द्वारा दशकों से कार्यरत है। प्रतियोगिता में प्रत्येक वर्ष बहुतायत प्रविष्टियाँ प्राप्त होती रही हैं और केवल पिछले संस्करण में ही यह आंकड़ा 700 से अधिक प्रविष्टियों का रहा है। अतः समय के साथ इस प्रतियोगिता की व्यापकता और वैविध्य में विभिन्न प्रारूपों- ऑडियो-वीडियो से लेकर इमर्सिव शैक्षिक अनुभव- EduXR के समावेश से एक बड़ा विस्तार हुआ है और साथ ही प्रतिभागिता में भी निरंतर वृद्धि रही है।

कार्यक्रम के मुख्य उद्देश्य हैं: क)छात्रों, शिक्षकों, शिक्षक प्रशिक्षकों व स्वतंत्र ई-कंटेंट निर्माताओं द्वारा गुणवत्तापूर्ण शैक्षिक ई-कंटेंट के निर्माण को प्रोत्साहन प्रदान करना। ख)शिक्षा-जगत के विभिन्न हितधारकों के बीच सहभागिता स्थापित करने हेतु एक राष्ट्र-स्तरीय मंच प्रदान करना। ग) गुणवत्तापूर्ण ई-कंटेंट तक पहुंच सुनिश्चित करने के लिए ओईआर (OER) का व्यापक प्रसार सुनिश्चित करना।

इस वर्ष प्रतियोगिता की विभिन्न श्रेणियों के संचालनात्मक भाव के स्पष्टीकरण का भी एक प्रयास किया गया है जिसके ज़रिए प्रतिभागियों को कंटेंट निर्माण के प्रति एक केंद्रित दृष्टिकोण प्रदान करने व श्रेणी-संगत प्रविष्टियों को प्रोत्साहित करने का कार्य किया गया है। इसके अलावा, 'न्यू-मीडिया' श्रेणी के अंतर्गत ऐप्स, गेम या सॉफ़्टवेयर (जैसे- शिक्षार्थियों का AI-आधारित मूल्यांकन, डेटा एनालिटिक्स के साथ छात्रों का ई-पोर्टफोलियो निर्माण, एआई-आधारित क्लास सिम्युलेटर, शैक्षिक वीडियो सामग्री उत्पादन प्रक्रिया ऑप्टिमाइज़र, और परियोजना योजना एवं अनुवीक्षण सॉफ़्टवेयर) विकसित करने के लिए कुछ समस्या-कथन दिए गए हैं । अधिक जानकारी के लिए हमारी वेबसाइट (https://ciet.ncert.gov.in/AICEeCC_registration) पर विस्तृत दस्तावेज़ देखें।

## प्रतियोगिता श्रेणियाँ

| ई-कंटेंट श्रेणी | निर्माता श्रेणी | लक्षित वर्ग | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | मूलभूत स्तर-ईसीसीई और कक्षा I-II (आयु: 3-8 वर्ष) शिक्षार्थी | प्रारंभिक स्तर - कक्षा III- V (आयु: 8 -11 वर्ष) शिक्षार्थी | मध्य चरण- कक्षा VI-VIII (आयु: 11-14 वर्ष) शिक्षार्थी | माध्यमिक चरण - कक्षा IX-XII (आयु: 14-18 वर्ष) शिक्षार्थी | शिक्षक शिक्षण | प्रौढ़ शिक्षा |
| ऑडियो | सरकारी संगठन (एनसीईआरटी /एसआईईटी/ईएमएमआरसी /सीईसी/आरआईई/अन्य) | | | | | | |
| | स्वतंत्र ई-कंटेंट निर्माता/संस्थान/ (सरकारी के अलावा) | | | | | | |
| | शिक्षक/शिक्षक प्रशिक्षक | | | | | | |
| | कॉलेज के छात्र (डिप्लोमा / स्नातक / परास्नातक कार्यक्रमों में या पीएचडी में) | | | | | | |
| | बच्चे | | | | | लागू नहीं | लागू नहीं |
| वीडियो/ एनिमेशन | सरकारी संगठन (एनसीईआरटी/ एसआईईटी/ईएमएमआरसी/सीईसी/ आरआईई/अन्य) | | | | | | |
| | स्वतंत्र ई-कंटेंट निर्माता/संस्थान/ (सरकारी के अलावा) | | | | | | |
| | शिक्षक/शिक्षक प्रशिक्षक | | | | | | |
| | कॉलेज के छात्र (डिप्लोमा / स्नातक / परास्नातक कार्यक्रमों में या पीएचडी में) | | | | | | |
| | बच्चे | | | | | लागू नहीं | लागू नहीं |
| न्यू मीडिया (इमर्सिव शैक्षिक अनुभव/EduXR, डिजिटल शैक्षिक खेल और ऐप्स) | उपर्युक्त लक्षित वर्ग इस ई -कंटेंट श्रेणी पर लागू नहीं होते हैं। फिर भी लक्षित वर्ग शिक्षा क्षेत्र के हितधारक ही होंगे (जैसे शिक्षक, स्कूल प्रशासन, शैक्षणिक संस्थान, बच्चे और माता-पिता)। | | | | | | |

**नोट: केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान, एनसीईआरटी मूल्यांकन के चरण में किसी भी श्रेणी को विलय करने का अधिकार रखता है।**

## नियम व विनियम

1. ई-कंटेंट का निर्माण 1 जनवरी, 2024 से 31 दिसंबर, 2024 के बीच का होना चाहिए। ई-कंटेंट के निर्माण की तिथि और इसके निर्माताओं के संबंध में एक घोषणापत्र निर्माता/संस्थान/व्यक्ति द्वारा प्रस्तुत किया जाना अनिवार्य होगा, अन्यथा प्रतियोगिता के किसी भी चरण में प्रविष्टियाँ अस्वीकृत कर दी जाएंगी।
2. ई-कंटेंट की अधिकारिता/लेखकत्व में कोई विवाद नहीं होना चाहिए।
3. ई-कंटेंट (ऑडियो/वीडियो ई-कंटेंट) की अवधि 3 मिनट से 30 मिनट के बीच होनी चाहिए।
4. विद्यालय/महाविद्यालय के छात्रों द्वारा भेजी गई प्रविष्टियों के साथ प्रधानाचार्य द्वारा प्राधिकृत आई.डी व समर्थन पत्र की प्रतिलिपि को संलग्न करना अनिवार्य है।
5. ई-कंटेंट, प्रतियोगिता श्रेणियों में उल्लिखित ई-कंटेंट श्रेणियों के उपयुक्त होना चाहिए।
6. स्टॉक शॉट्स ग्राफिक्स /छवियों को जोड़कर बनाया गया ई-कंटेंट प्रतियोगिता में शामिल नहीं किया जाएगा ।
7. एक ई-कंटेंट केवल एक श्रेणी में दर्ज किया जा सकता है, इसलिए प्रत्येक ई-कंटेंट के लिए आवेदन पत्र अलग-अलग भरने होंगे। एक ही कार्यक्रम के लिए कोई भी समान प्रविष्टि (डुप्लिकेट एंट्री) अस्वीकार कर दी जाएगी और केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान, एनसीईआरटी ऐसी स्थिति में प्रतिदाय (रिफंड) के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।
8. ई-कंटेंट प्रतिभागी का मूल कार्य होना चाहिए। किसी भी प्रकार की साहित्यिक चोरी सख्त वर्जित है। हम क्रिएटिव कॉमन्स-लाइसेंस या फेयर यूज़ सामग्रियों के उपयोग को प्रोत्साहित करते हैं, बशर्ते इनका इस्तेमाल निर्माता/निर्माताओं की मौलिकता और रचनात्मक प्रयासों से समझौता न करे।
9. किसी भी ई-कंटेंट में समानता सूचकांक (Plagiarism) 10% से अधिक नहीं होना चाहिए। स्वीकृत सीमा (10%) के भीतर उपयोग किये गए दूसरों के कार्यों को उचित रूप से श्रेय दिया जाना चाहिए। कोई भी ई-कंटेंट जिसकी समानता सूचकांक सीमा (10%) से अधिक पाया जाएगा उसे अयोग्य घोषित कर दिया जायेगा, और प्रतिभागी को प्रतियोगिता के भविष्य संस्करणों से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा।
10. अत्यधिक हिंसा, यौन संदर्भ, असभ्य भाषा और पदार्थों के उपयोग वाली सामग्री या नस्लीय, सांस्कृतिक, धार्मिक या लैंगिक भेदभाव आदि की वकालत और समर्थन करने वाली एवं तकनीकी गड़बड़ियों (उदाहरण के लिए, खराब ऑडियो/वीडियो गुणवत्ता, खाली स्क्रीन, रिज़ॉल्यूशन समस्याएँ, फ्रेम दर समस्याएँ, ऐप्स/गेम में देरी) वाली सामग्री को प्रतियोगिता में शामिल नहीं किया जाएगा।
11. हिंदी/अंग्रेजी के अलावा अन्य भाषा में ई-कंटेंट प्रविष्टियाँ, हिंदी/अंग्रेजी में उपशीर्षक के साथ भेजी जानी चाहिए।
12. समावेशी शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए दिव्यांग बच्चों (CWSN) के द्वारा एवं उनके लिए बने ई-कंटेंट को प्राथमिकता दी जाएगी।
13. सभी प्रविष्टियों की एक प्रति केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान, एनसीईआरटी द्वारा रखी जाएगी।
14. न्यू मीडिया के लिए विशिष्ट (डिजिटल शैक्षिक खेल और ऐप्स):
    - I. कोडिंग क्रिएटर द्वारा स्वयं की गई होनी चाहिए।
    - II. ई-कंटेंट के निर्माता को कॉपीराइट केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान, एनसीईआरटी को हस्तांतरित करना होगा।
    - III. ई-कंटेंट के निर्माता को ई-कंटेंट के Source-कोड को केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान, एनसीईआरटी के साथ साझा करना होगा।
    - IV. विकसित ऐप/गेम/सॉफ़्टवेयर को किसी वास्तविक प्लेटफ़ॉर्म पर चलने योग्य होना चाहिए (केवल प्रस्तावित ऐप के सिमुलेशन को स्वीकार नहीं किया जायेगा)।
    - V. ऐप/गेम/सॉफ़्टवेयर पहले से किसी ऑनलाइन प्लेटफ़ॉर्म पर प्रकाशित नहीं होना चाहिए (जैसे Google Play या Apple App Store या Github इत्यादि)।
15. केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान, एनसीईआरटी को पुरस्कृत ई-कंटेंट को प्रसारित करने के साथ इसे दीक्षा (DIKSHA)और CC BY SA 4.0 लाइसेंस के तहत संस्थान द्वारा प्रबंधित अन्य वेबसाइटों/पोर्टलों पर साझा करने का अधिकार होगा।
16. निर्णायक मंडली द्वारा चुनी गई कुछ ही प्रविष्टियों को अखिल भारतीय बाल शैक्षिक ई-कंटेंट प्रतियोगिता के अंतिम कार्यक्रम के दौरान प्रदर्शित किया जाएगा।
17. सभी प्रस्तुत प्रविष्टियों का मूल्यांकन निर्णायक मंडली द्वारा किया जाएगा। निर्णायक मंडली द्वारा घोषित परिणाम बाध्यकारी/अंतिम होंगे।
18. न्यू मीडिया श्रेणी के मूल्यांकन के लिए चुनी गयी प्रविष्टियों को निर्णायक मंडली के समक्ष रचनाकारों द्वारा (वस्तुतः/Virtually) प्रस्तुत करने की आवश्यकता हो सकती है।

19. प्रतियोगिता के स्तर को बनाए रखने के लिए, यदि किसी श्रेणी में उपयुक्त ई-कंटेंट नहीं मिलता है तो निर्णायक मंडली उस श्रेणी में विजेता घोषित नहीं करने का विकल्प चुन सकती है।
20. जो प्रविष्टि प्रतियोगिता के उल्लिखित सभी नियमों का पालन नहीं करती है उसे अयोग्य घोषित कर दिया जाएगा। किसी भी प्रविष्टि की अयोग्यता/गैर-चयन की कोई औपचारिक अधिसूचना नहीं दी जायेगी और केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान, एनसीईआरटी ऐसी स्थिति में प्रतिदाय (रिफंड) के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।
21. प्राप्त प्रविष्टियाँ वापस नहीं ली जा सकतीं या संपादित नहीं की जा सकतीं तथा केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान, एनसीईआरटी ऐसी स्थिति में प्रतिदाय (रिफंड) के लिए उत्तरदायी नहीं होगा।
22. यदि, पुरस्कार वितरण के दौरान या उसके बाद, किसी प्रविष्टि या विजेता के कानूनी विवाद में होने की जानकारी प्राप्त होती है, तो प्रबंधन टीम के पास प्रविष्टि या विजेता को अयोग्य घोषित कर, विवाद का निपटारा होने तक किसी भी पुरस्कार को रोकने का अधिकार सुरक्षित है।
23. केंद्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी संस्थान, एनसीईआरटी नियमों और तिथियों को संशोधित करने का अधिकार रखता है।

## पुरस्कार श्रेणियाँ

1. सर्वश्रेष्ठ ई-कंटेंट पुरस्कार: विभिन्न श्रेणियों के लिए सर्वश्रेष्ठ ऑडियो, वीडियो और न्यू मीडिया ई-कंटेंट को पुरस्कार के रूप में ट्रॉफी के साथ 40,000 रुपये एवं प्रमाणपत्र दिए जाएँगे। (*नकद पुरस्कार एनसीईआरटी के एनआईई/सीआईईटी/पीएसएससीआईवीई/आरआईई की प्रविष्टियों पर लागू नहीं होता)
2. व्यक्तिगत उत्कृष्टता पुरस्कार: ये पुरस्कार निम्नलिखित में से किसी भी प्रतिभा में उत्कृष्टता के लिए दिए जाएँगे: सर्वश्रेष्ठ पटकथा (स्क्रिप्ट), सर्वश्रेष्ठ संपादन, सर्वश्रेष्ठ वॉयस-ओवर, सर्वश्रेष्ठ कैमरावर्क, सर्वश्रेष्ठ सेट डिजाइनिंग, सर्वश्रेष्ठ ध्वनि रिकॉर्डिंग, सर्वश्रेष्ठ एनीमेशन/ ग्राफिक्स, सर्वश्रेष्ठ निर्देशन, सर्वश्रेष्ठ अनुसंधान, सर्वश्रेष्ठ डिज़ाइन, सर्वश्रेष्ठ यूआई/यूएक्स आदि। इस श्रेणी में पुरस्कार के रूप में 5000/- रुपये, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र दिया जाएगा।
3. निर्णायक मंडली-प्रशंसा पुरस्कार: सर्वोत्तम ई-कंटेंट/व्यक्तिगत उत्कृष्टता के लिए यह पुरस्कार निर्णायक मंडल के निर्णय पर निर्भर करता है। इस श्रेणी में पुरस्कार के रूप में 5000/- रुपये, ट्रॉफी और प्रमाण पत्र दिया जाएगा।

## आवेदन पत्र जमा करना

1. आवेदन पत्र (एप्लीकेशन फॉर्म) जमा करने से पहले विवरणिका को ध्यान से पढ़ें।
2. सभी प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन आवेदन पत्र (प्रत्येक ई-सामग्री के लिए अलग से एक आवेदन पत्र) भरें।
3. कृपया अपना ई-कंटेंट और अन्य दस्तावेज़ (सारांश, पटकथा (स्क्रिप्ट), फोटोग्राफ, ई-कंटेंट की छवि, प्रवेश शुल्क आदि) ऑनलाइन फॉर्म के माध्यम से उच्चतम संभव रिज़ॉल्यूशन में साझा (अपलोड) करें या इसे Google ड्राइव के माध्यम से aiceavf.prd@ciet.nic.in पर साझा करें।
4. प्रतियोगिता में भाग लेने का प्रवेश शुल्क 200/- (दो सौ रुपये मात्र) प्रति आवेदन है। इसका भुगतान केवल एनईएफटी (NEFT) के माध्यम से निम्नलिखित खाते में किया जाना चाहिए:

**खाता क्रमांक:** 10137881284, **आईएफएससी कोड:** SBIN0001690
**खाता धारक का नाम:** संयुक्त निदेशक, सीआईईटी, एनसीईआरटी
**बैंक का नाम:** भारतीय स्टेट बैंक, एनसीईआरटी, श्री अरबिंदो मार्ग, नई दिल्ली-110016
*(नोट: एनसीईआरटी के एनआईई (NIE)/ सीआईईटी (CIET)/ पीएसएससीआईवीई (PSSCIVE) / आरआईई (RIEs) से प्रविष्टियों के लिए कोई शुल्क नहीं है।*

5. कोई नकद भुगतान स्वीकार नहीं किया जाएगा। उपर्युक्त बैंक खाते में नकद हस्तांतरण भी स्वीकृत नहीं किया जाएगा।

**महत्वपूर्ण तिथियाँ: आवेदन पत्र (फॉर्म) जमा करने की अंतिम तिथि: 31.01.2025**

**किसी भी प्रश्न/प्रतिक्रिया के लिए संपर्क करें:**
ईमेल: aiceavf.prd@ciet.nic.in, jointdirector@ciet.nic.in | हेल्पलाइन:- 8800440559
वेबसाइट: www.ciet.ncert.gov.in